एक नजर में

## चार लापता पुलिसकर्मियों को किया निलंबित

इंदौर. गांधीनगर थाने में गंभीर लापरवाही सामने आने पर चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया. 16 अगस्त की रात अपराध शाखा एसीपी सौम्या अग्रवाल ने निरीक्षण के दौरान पाया कि थाने पर ड्यूटी के लिए तैनात स्टाफ में से केवल एक पुलिसकर्मी मौजूद था और वह भी सो रहा था, बाकी कोई भी कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं मिला. घटना की रिपोर्ट एसीपी गांधीनगर ने वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी. जांच में सामने आया कि जन्माष्टमी जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार पर तैनात पुलिसकर्मियों ने ड्यूटी से गायब रहकर घोर लापरवाही बरती. दोषी पाए जाने पर सब उपनिरीक्षक विजय चौहान, प्रधान आरक्षक सोहन सिंह, प्रधान आरक्षक दिनेश जाटव और प्रधान आरक्षक सुनील पाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर लाईन में भेज दिया.

## नि :शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन



इंदौर. जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन,चोइथराम नेत्रालय सेवा भारती केंद्र राखी नगर के संयुक्त तत्वाधान में नेत्र शिविर आयोजित किया गया. ग्रुप के अध्यक्ष सुरेश देशलहरा और शिविर संयोजक अनोखीलाल जैन ने बताया कि इस शिविर में 190 मरीजों ने लाभ लिया 17 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया. जिनके आपरेशन निशुल्क होंगे जरूरतमंद को 86 चश्मे रियायती दरों पर दिए गए. इस शिविर के लाभार्थी बाफना परिवार इंदौर है. ग्रुप के समाज सेवी, महेश डाकोंलिया , राजेन्द्र भटेवरा, किरण संचेती, भवरलाल कासवा, अरविन्द चौधरी, डॉ. जितेन्द्र पारख, सुभाष गोखरू, पारस कटारिया, डॉ आर एन मिश्रा, शंकर लाल गौर, सुशील कसेरा, काशीराम पटेल आदि का भरपुर सहयोग रहा.

## सिल्क एग्ज़ीबिशन में बुनकरों की कारगरी का प्रदर्शन



इंदौर. बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स ग्राउंड पर 25 अगस्त तक नेशनल सिल्क एग्ज़ीबिशन का रंगारंग आयोजन हो रहा है. ग्रामीण हस्तशिल्प व हथकरघा विकास समिति द्वारा आयोजित यह प्रदर्शनी रेशमी साड़ियों और पारंपरिक हैंडलूम कला का भव्य संगम बन गई है. देश के कोने-कोने से आए बुनकर और कलाकार यहां अपनी विशिष्ट कारीगरी और परंपरागत साड़ियों का प्रदर्शन कर रहे हैं. आगंतुकों को इस मेले में दक्षिण भारतीय रेशमी साड़ियों से लेकर बनारसी, पश्मीना और कलमकारी जैसी दुर्लभ कला की झलक एक ही छत के नीचे मिल रही है. इस प्रदर्शनी की सबसे खास बात है यहाँ प्रदर्शित साड़ियों की क्वालिटी और यूनिकनेस. छत्तीसगढ़ की बैंबू सिल्क साड़ियाँ बेहद हल्की और हर मौसम में आरामदायक हैं, वहीं कश्मीर की पश्मीना साड़ियाँ अपनी महीन बुनाई और गर्माहट से दिल जीत रही हैं. आंध्रप्रदेश से आए कलाकार पटोला, गदवाल और कलमकारी साड़ियों के माध्यम से प्राकृतिक रंगों और हाथ की पेंटिंग का जादू दिखा रहे हैं. आयोजक जयेश गुप्ता ने बताया कि इस एग्ज़ीबिशन का मकसद पारंपरिक बुनाई और हस्तशिल्प को बढ़ावा देना है, साथ ही स्थानीय लोगों को देशभर की समृद्ध रेशमी परंपराओं से रूबरू कराना है.

## स्नातक समारोह में दिए छात्राओं का पुरस्कार



इंदौर. महिलाओं को नई स्किल्स सिखाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने वाले स्किल-टेक प्लेटफॉर्म हुनर ऑनलाइन कोर्सेज ने वर्चुअल ग्रेजुएशन समारोह आयोजित किया. इस समारोह में देशभर से दस हजार से अधिक हुनर छात्राओं ने भाग लिया. स्नातक दिवस पर, हुनर ने अपने छात्राओं को विभिन्न पुरस्कार, सम्मान और स्टार्टअप फंड्स प्रदान किए, जिससे वे अपने भविष्य को और सशक्त बना सकें. इस अवसर पर अभिनेत्री, उद्यमी और फिटनेस आइकॉन शिल्पा शेट्टी कुंद्रा का एक विशेष संदेश भी प्रस्तुत किया गया, जो पिछले 3 वर्षों से हुनर ऑनलाइन कोर्सेज की निवेशक और साझेदार रही हैं. हुनर ऑनलाइन कोर्सेस की संस्थापक और सीईओ, निष्ठा योगेश ने कहा, हमने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन हम देश का सबसे बड़ा ऑनलाइन स्नातक समारोह आयोजित करेंगे, जिसमें दस हजार से अधिक छात्राएं होंगी! यह हुनर के मिशन का प्रमाण हैद भारतीय महिलाओं को उनके उद्यमशीलता के सफर की शुरुआत में मदद करना और उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाना. हमारी विशेषज्ञ फैकल्टी और स्टाफ ने हर कदम पर छात्राओं का मार्गदर्शन किया है, हम भारतीय महिलाओं को उनकी रुचि के क्षेत्र में उनके कौशल को निखार कर, और वह भी घर बैठे, उनकी उद्यमशीलता की यात्रा शुरू करने में मदद करना ज़ारी रखेंगे.

## .समाजसेवी अग्रवाल के जन्मदिन पर गीत संगीत की महफ़िल



इंदौर. शहर के वरिष्ठ समाज सेवी बालाजी सेवा संस्थान और अग्रवाल वैश्य कपल संघ के अध्यक्ष रामबाबू अग्रवाल बाबूजी का जन्मदिन पूर्व विधायक राष्ट्रीय कवि सत्यनारायण सत्तन व विधायक गोलू शुक्ला के आतिथ्य में धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर वैश्य कपल संघ, बालाजी सेवा सस्थान, सीनियर सीटीजंस ग्रुप, मार्निंग वाकर संघ,पंच प्यारे मित्र मंडल के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में अग्रवाल की मित्र मंडली मौजूद रही. जन्मोत्सव, पंच प्यारे मित्रों ने बाबूजी को पगड़ी, स्कार्फ, भगवा दुपट्टा, पुष्पमालाएं, शाल पहनाकर कर योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण चंद्र जी की फोटो फ्रेम जड़ी हुई भेंट किया. राष्ट्रीय कवि सत्यनारायण सत्तन ने बाबू जी का जीवन वृतांत बताया. विधायक गोलू शुक्ला के द्वारा बाबूजी को जन्मदिन की बधाइयां दी गई. इससे पूर्व गार्डन में शहर की हस्तियों के द्वारा चुटकुले शेरो शायरी गीत संगीत की महफिल तकरीबन 2 घंटे तक जमी रही. कार्यक्रम में सत्यनारायण सत्तन, गोलू शुक्ला सहित अनिल त्रिवेदी, अशफाकभाई, मनीष अग्रवाल, प्रहलाद दास गुप्ता, विष्णु अग्रवाल, रमेश गुप्ता, नंदकिशोर अग्रवाल,रामदास गोयल, हीरालाल मोदी,अखंड संडे के मुकेश जी व पांडेजी, नंदलाल अग्रवाल (मातरम), प्रवीण जोशी, प्रताप जोशी, मुन्ना भैया वर्मा ,अमृतलाल जायसवाल, विजय महेश्वरी,आर डी गुप्ता व शांतिलाल उपाध्याय, उमा अग्रवाल मातरम, करूणा गुप्ता, शारदा खंडेलवाल, अलका गुप्ता सहित बाबूजी के पुराने बचपन के साथियों से लेकर के उनके नए सीनियर साथी मौजूद थे.

## हर्षोल्लास से मनाया तीज त्योहार



इंदौर. माहेश्वरी मातृशक्ति का तीज त्यौहार सबसे बड़ा त्यौहार होता है. तीज की पूजा में महिलाएं चंद्रमा व हरे भरे नीम से महिलाएँ अपने वर की लंबी उम्र का व परिवार में सुख शांति रहे, एसी कामना करती है. इस त्योहार पर हर माहेश्वरी के घर पर दाल, चावल व गेहूँ के आटे से सत्तू बनते है. हर वर्ष की तरह सर्वोदय नगर निवासी प्रेम माहेश्वरी के यहाँ तीज की पूजा बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ की गई, पूजा में अंजलि माहेश्वरी , कमला माहेश्वरी , सीमा माहेश्वरी, अंशिका मंडोवरा, प्राची न्याती, बबीता सारडा, पुखराज मंडोवरा , संगीता मंडोवरा, नीतू मंडोवारा, श्रुति मंडोवारा प्रवीन, हिता क्षी व समाज की अन्य महिलायें उपास्थित हुई.

# समाजसेवा का स्वरूप बदला, लेकिन समर्पित सेवाभावना कायम

### समाजसेवी स्व . मोहनलाल सोनी के प्रथम पुण्य स्मरण पर परिसंवाद



**इंदौर.** पचास के दशक में न तो सोशल मीडिया था और न ही कम्प्यूटर और अत्याधुनिक कैमरे. तब समाजसेवा का स्वरूप बहुत अलग भी था और मेहनत और समय भी ज्यादा मांगता था. वातानुकूलित कमरों या वाहनों से अलग हटकर उस समय के समाजसेवी साइकिल पर या पैदल चलकर अपने कार्यक्रम स्थलों तक पहुंचते थे.

अब वक्त बदल गया है. संसाधनों ने सेवा के स्वरूप को अर्थ से जोड़ दिया है. डिग्रियां और समाजसेवा के क्षेत्र में उपाधियां बिकने लगी हैं. जितना अधिक पैसा देंगे, उतना बड़ा सम्मान मिल जाएगा. इसके बावजूद आज भी ऐसे समर्पित लोग हमारे बीच हैं, जो दूसरों की आंखों के आंसू पोंछने में ही अपने जीवन को सार्थक मानते हैं. समर्पित सेवा भावना आज भी कायम है.

ये विचार हैं, जो बिजासन रोड स्थित अखंड धाम आश्रम पर श्रद्धा सुमन सेवा समिति द्वारा 'समाजसेवा का स्वरूप- कल और आज' विषय पर आयोजित परिसंवाद में विभिन्न वक्ताओं ने व्यक्त किए. समिति के संस्थापक ब्रह्मलीन मोहनलाल सोनी के प्रथम पुण्य प्रसंग के उपलक्ष्य में श्रद्धा सुमन सेवा समिति ने यह दिलचस्प आयोजन रखा था.

इस मौके पर सांसद शंकर लालवानी के मुख्य आतिथ्य एवं हंसदास मठ के महामंडलेश्वर श्रीमहंत रामचरणदास महाराज की अध्यक्षता में अखंड धाम के महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चेतन स्वरूप, महामंडलेश्वर राधे राधे बाबा, महामंडलेश्वर पवनदास महाराज, विद्याधाम के न्यासी पं. दिनेश शर्मा, भागवताचार्य पुष्पानंदन पवन तिवारी, ज्योतिषाचार्य रामचंद्र शर्मा वैदिक, संतोष भार्गव, राजेन्द्र शास्त्री, खजराना गणेश मंदिर के पुजारी अशोक भट्ट, समाजसेवी विष्णु बिंदल, ठा. विजयसिंह परिहार, साहित्यकार हरेराम वाजपेयी, पत्रकार कीर्ति राणा, चंद्रप्रकाश गुप्ता, अभिभाषक कमल गुप्ता, सांई भक्त पं. महेश शर्मा, संत राजानंद एवं भाजपा नेता जगमोहन वर्मा आदि ने इस परिसंवाद में तब और अब के समाजसेवा के क्षेत्र को दिलचस्प अंदाज में व्यक्त किया.

सांसद शंकर लालवानी ने भी कहा कि यह महत्वपूर्ण नहीं है कि कितने वर्ष जिएं, लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि हमने समाज को क्या दिया है. सोनीजी ऐसे ही बिरले समाजसेवी थे.

### सहयोगियों को किया सम्मान

प्रारंभ में आयोजन समिति की ओर से अध्यक्ष हरि अग्रवाल, राजेन्द्र सोनी, राजेन्द्र गर्ग, डॉ. चेतन सेठिया, अशोक गोयल, मुरलीधर धामानी, अवलेश सोनी, विजय सोनी, गौरव एवं मनीष सोनी ने अतिथियों का स्वागत किया .श्रद्धा सुमन सेवा समिति की ओर से इस मौके पर स्व. सोनी के सहयोगी और समकालीन साथियों का शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मान भी किया गया. संचालन हरि अग्रवाल ने किया. आभार माना राजेन्द्र सोनी ने.

# नदी की चट्टान पर चढ़ा युवक बहाव तेज होने से बहा, तलाश जारी...

**मानपुर.** सोमवार शाम मानपुर क्षेत्र में चासिया पुलिया के पास एक युवक सेल्फी लेते समय अजनार नदी के तेज बहाव की चपेट में आकर बह गया. घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए. मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम तलाश में जुटी.

मानपुर में रहने वाले 22 वर्षीय अभय उर्फ सोनू पिता सुनील साहू बाहर निकलने की कोशिश कर रहा था, लेकिन तेज धारा ने उसे बहा दिया. मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने रस्सी और साड़ी का सहारा लेकर उसे बचाने की कोशिश भी की, मगर अभय फंदा पकड़ नहीं सका और देखते ही देखते पानी में समा गया. घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी लोकेन्द्र सिंह हिहोर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और एस्डीआरएफ टीम को भी तलाश के लिए बुलाया, देर रात



अपने दोस्तों के साथ पुलिया के पास घूमने गया था. इसी दौरान वह बारिश के बीच नदी के बीचों-बीच चट्टान पर चढ़कर सेल्फी ले रहा था. तभी अचानक पानी का बहाव बढ़ गया. अभय चट्टान से तक नदी में युवक की खोजबीन जारी रही, लेकिन अंधेरा गहराने के कारण सफलता नहीं मिली. पुलिस ने बताया कि मंगलवार सुबह से पुन: सर्च ऑपरेशन चलाया जाएगा.



# दिनभर चला रिमझिम बारिश का दौर

### एक इंच से ज्यादा बरस गए बादल

**इंदौर.** शहर में सोमवार को बादल मेहरबान रहे. दोपहर बाद कभी रिमझिम तो कभी हल्की बारिश का दौर जारी रहा. अलग-अलग क्षेत्रों में कहीं तेज तो कही हल्की बारिश हुए. दिनभर में एक इंच से अधिक बारिश हो गई. इसके साथ ही शहर में कुल 15 इंच बारिश हो चुकी है. आने वाले 4 दिनों में भी ऐसे ही बारिश की संभावना है.

सोमवार को दोपहर 12.30 बजे बाद अचानक घने बादल छाए और बारिश शुरू हो गई. हालांकि कुछ हिस्सों में तेज तो कुछ हिस्मों में धीमे बारिश हुई. तेज हवाओं के साथ करीब आधे घंटे तक बारिश हुई. इसके बाद बारिश थम गई. कुछ देर बाद धूप भी निकल गई. इसके बाद तीन बजे के लगभर फिर रिमझिम बारिश को दौर शुरू हुआ जो रूक-रूककर रात तक शहर में सुबह 8.30 बजे से शाम ८.30 बजे तक 1 इंच से ज्यादा बारिश रिकार्ड की गई इसके सहित इस सीजन में अब तक 15 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है. मौसम वैज्ञानिकों ने अगले 4 दिन बारिश के आसार जताए हैं. मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक ओडिशा में एक सिस्टम बना है जो मप्र और छत्तीसगढ़ में सक्रिय हो रहा है. वहीं बारिश करने वाली द्रोणिका भी मालवा-निमाड़ में एक्टिव है. इसके चलते अगले चार से पांच दिन इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में अच्छी बारिश के आसार हैं.

# नाकोड़ा भैरव की दीवानगी में थिरक उठी नवरत्न वाटिका

**मुंबई के कलाकारों ने बिखेरा भक्ति का जादू**

**हवन कुंड में समर्पित किए खोपरे के गोले**



**इंदौर.** एयरपोर्ट रोड स्थित नरसिंह वाटिका बीती रात कुछ समय के लिए ही सही, नाकोड़ा तीर्थ स्थल और दादा पार्श्वनाथ के दरबार में बदल गई, जब मुंबई से आए भजन गायकों ने अपने भक्ति और नृत्य का ऐसा जादू बिखेरा कि समूचा सत्संग स्थल थिरक उठा.

लगभग 5 हजार समाजबंधुओं ने पार्श्व भैरव महाभक्ति -2025 उत्सव का भरपूर आनंद लिया. हर उम्र के श्रावक-श्राविकाओं ने नाकोड़ा भैरव की भक्ति में अपनी भागीदारी दर्ज कराई और विशेष रूप से निर्मित हवन कुंड में भैरवजी की ज्योत में सूखे नारियल के गोलों की आहुतियां समर्पित की.

अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में नरसिंह वाटिका स्थित नवरत्न वाटिका पर चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान में रविवार की रात अदभुत नजारा था.

मनोज भाई शोभावत एवं सुनील भाई जैन उज्जैन के सौजन्य से मुंबई-दुबई के उद्योगपति एवं समाजसेवी गौतमचंद बादरमल बालड़ के मुख्य आतिथ्य में बालोत्रा (राज.) से आए संगीत रत्न वैभव बागमार, साहिल जैन, भव्य जैन, अदिति कोठारी आदि ने अपनी भक्ति भावना के रंग का जलवा बिखेरा।

संचालन भायंदर से आए ललित परमार ने किया. आयोजन समिति की ओर से अध्यक्ष पारसमल बोहरा, संयोजक पुण्यपाल सुराना, कैलाश नाहर, ललित सी. जैन, दिलसुखराज कटारिया, मनीष सुराना, प्रीतेश ओस्तवाल, शेखर गेलड़ा एवं दीपक सुराना ने सभी मेहमानों की अगवानी की. लाभार्थी परिवारों का बहुमान दीपक जैन टीनू, शैलेन्द्र नाहर, अंकित मारू, रीतिश आशीष जैन, चंद्रप्रकाश चौरडिया, सुमित जैन, मोनिश खूबाजी एवं ऋषभ कोचर ने किया. सत्संग स्थल पर नाकोड़ा भैरव की आराधना के लिए विशेष हवन कुंड भना बनाया गया था.

### धार्मिक तंबोला से पर्यूषण पर्व का आगाज

नवरत्न वाटिका, नरसिंह वाटिका पर प.पू. जैनाचार्य विश्वरत्न सागर की पावन निश्रा में चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान में पर्युषण महापर्व का शुभारंभ वैसे तो 20 अगस्त से होगा, लेकिन इसका आगाज सोमवार को ही विराट धार्मिक तम्बोला के साथ हो गया. वर्धमान नगर महिला संघ के तत्वावधान में दोपहर में श्राविका शिविर के दौरान साध्वीवर्या हेमेन्द्र श्रीजी एवं पूर्णयशा श्रीजी के सानिध्य एवं दीपक जैन टीनू के विशेष आतिथ्य और श्यामा सुराणा, सरोज कोठारी एवं निशा संचेती के मुख्य आतिथ्य में संगीतकार संजय सावनसुखा एवं सुश्री अदिति कोठारी ने अपनी भक्ति रस की मनोहारी प्रस्तुतियों से मातृशक्ति को भिगोए रखा.

# गोगादेव प्रकटोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

**इंदौर. शहर वाल्मीक पंचायत एवं अखिल भारतीय वाल्मीक समाज विकास परिषद् म. प्र. के संयुक्त तत्वावधान में 80वां आराध्य वीर गोगादेव प्रकटोत्सव अहिंसावादी वाल्मीक समाज की ओर से हर्षो उल्लास और धूमधाम से मनाया गया.**



गोगादेव प्रकटोत्सव समिति के अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र सिंह लोट व सचिव माला प्याल एवं पंचायत के अध्यक्ष राहुल राठौर ने बताया कि शहर की समस्त वाल्मीकि बस्तियों से गोगादेव के झंडे निशान सजधज कर ढोल ढमाकों के साथ जुलुस के रूप में निकलकर राजवाड़ा जनता चौक पर एकत्रित हुए. यहां माँ अहिल्या की प्रतिमा की परिक्रमा कर गोगादेव मंदिर, पंढरीनाथ की ओर प्रस्थान किया.

परिषद् एवं पंचायत द्वारा स्वागत मंच से वाल्मीकि कलाकारों द्वारा गोगादेव के जीवन चरित्र की झांकी और कलाकारों द्वारा झंडे निशानों की आकर्षक सेहरा कटिंग और विद्युत् सज्जा एवं वाल्मीकि अखाडों के कलाकारों को भी शील्ड भेंट कर सम्मानित किया गया.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, विधायक गोलू शुक्ला, एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया, अध्यक्ष बलाई महासभा मनोज परमार, प्रान्त संगठन मंत्री विहिप खगेन्द्र भार्गव, संजय होल्कर प्रान्त धर्म प्रसार प्रमुख विहिप, यज्ञेश राठी इंदौर विभाग मंत्री विहिप-बजरंग दल, दिनेश सेन प्रांतीयअधिकारी, विराट सिंह संगठन मंत्री, लक्की रघुवंशी आदि मौजूद रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय वाल्मीक समाज विकास परिषद् के राष्ट्रीय सचिव भूपेंद्र सिंह लोट ने की.

संचालन शहर वाल्मीक पंचायत के कोषाध्यक्ष रवि बिलवान एवं गोगादेव प्रकटोत्सव समिति के संयोजक नविन चीराउंडे, करन चौहान एवं संदीप शिंदे द्वारा किया गया. आभार इंदौर शहर वाल्मीक पंचायत के कोषाध्यक्ष रवि बिलवान ने माना.

### इनको किया पुरस्कृत

प्रथम पुरस्कार स्व. नाथूलाल लोट की स्मृति में भवरकुआं वाल्मीक बस्ती के झंडे निशान को श्रेष्ठ झांकी के लिए भगत भय्यनलाल (देवीदास घराना) को दिया गया. द्वितीय पुरस्कार राजमोहल्ला के माँ भगतानी मित्र मंडल को सेहरा कटिंग के लिए स्व. केएल बालगोहार की स्मृति में भगत चौधरी रामभरोसे धोलपुरे (नीमनाथ घराना) को दिया गया.

तृतीय पुरस्कार परदेशीपुरा के उस्ताद स्व. गोपीकृष्ण गोहर के अखाड़े को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्व. छगनलाल बिलरवान की स्मृति में चौधरी महेश गौहर को दिया गया.



# दादी की प्रभातफेरी में भादवी अमावस्या पर शामिल होंगी 20 महिला संगठनों की बहनें

**इंदौर.** श्री अग्रोहा कपल ग्रुप एवं जय दादी दरबार के संयुक्त तत्वावधान में 22 अगस्त को निकलने वाली भव्य प्रभात फेरी में शहर के 20 महिला संगठनों की बहनें भी भागीदार बनेंगी.

यह निर्णय सोमवार को स्नेह नगर स्थित अग्रसेन भवन पर समाजसेवी कृष्णा-विजय गोयल की अध्यक्षता में आयोजित महिला संगठनों की बैठक लिए गए. बैठक का शुभारंभ दादी की प्रतिमा के पूजन-अर्चन से हुआ. प्रभात फेरी संयोजक श्रीमती संगीता-अरविंद बागड़ी, निर्मला जिंदल, ज्योति-विनोद अग्रवाल, उषा बंसल एवं किरण तायल ने बताया कि बैठक में सुनीता-नंदकिशोर कंदोई, शीतल तोड़ीवाला, वर्षा बंसल, शीतल स्वाति अग्रवाल, अनामिका अग्रवाल, सूरजदेवी बंसल आदि ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए. प्रभातफेरी 22 अगस्त को सुबह 7 बजे स्नेह नगर वृंदावन गार्डन से प्रारंभ होकर पटेल नगर, मनीष बाग, भगवानदीन नगर, अग्रवाल नगर होते हुए राणी सती मंदिर पर पूजा-अर्चना के साथ सम्पूर्ण होगी. इस दौरान महिलाएं पारंपरिक राजस्थानी चुनरी, आभूषण और पुरुष श्वेत वस्त्र पहनकर शामिल होंगे. जगह-जगह रंगोली सजाई जाएगी. प्रभातफेरी दादी मंदिर पहुंचने के बाद वहां आरती एवं पूजन पश्चात महिलाओं को प्रसाद वितरण भी होगा।

# लोकतंत्र सेनानियों को तीन दिनों में दो बार मिला राजकीय सम्मान





**इंदौर.** लोकतंत्र सेनानी संघ को पिछले तीन दिनों में दो बार राजकीय सम्मान का अवसर प्राप्त हुआ. संघ के जिला अध्यक्ष गिरीश शर्मा 'आदित्य' ने बताया कि आजादी की 79वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन के मुखिया और कलेक्टर आशीष सिंह ने सैनानी संघ के पदाधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस के परेड स्थल पर आमंत्रित कर उन्हें जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया. इसी तरह गत 14 अगस्त को राजबाड़ा से निकली तिरंगा रैली में भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकतंत्र सैनानियों को राजबाड़ा पर आमंत्रित कर जिला अध्यक्ष गिरीश शर्मा 'आदित्य', गणेश अग्रवाल, गोपाल राही, पूर्व विधायक गोपीकृष्ण नेमा, बालकृष्ण अरोरा सहित अनेक सैनानियों का शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मान किया. इस मौके पर मुख्यमंत्री के साथ नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसी सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं शहर के लगभग सभी प्रमुख विधायक तथा भाजपा के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा भी उपस्थित रहे.

एक नजर में

**यूसीमास की 24वीं नेशनल लेवल अबैकस एंड मेंटल अरिथमेटिक प्रतियोगिता**

# राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के 159 बच्चों ने जीती ट्रॉफी

**इंदौर.** एबेकस एंड मेन्टल अरिथमेटिक प्रोग्राम संस्था यूसीमास द्वारा 24वीं नेशनल लेवल अबैकस एंड मेंटल अरिथमेटिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. यह आयोजन जीएमसी बालयोगी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, गाचीबौली, हैदराबाद में संपन्न हुआ. प्रतियोगिता का पहले मुख्य परीक्षा हुई, जिसमें देशभर से आए हज़ारों बच्चों ने भाग लिया. दूसरे दिन पुरस्कार वितरण समारोह हुआ, जिसमें विजेताओं को ट्रॉफियाँ और सम्मान प्रदान किया गया.




यूसीमास म.प्र. के डायरेक्टर नीरज गोयल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश के 24 स्टेट से 3500 से अधिक विद्यार्थियों ने मेंटल अरिथमेटिक और गणित के प्रश्नों को पलक झपकते ही हल करने की अद्भुत क्षमता का प्रदर्शन किया. प्रतियोगिता 4 चरणों में आयोजित की गई, जिसमें प्रत्येक चरण में लगभग 900 विद्यार्थियों ने एक साथ प्रश्नपत्र हल किए. प्रश्नपत्र में विद्यार्थियों को मात्र 8 मिनट में 200 प्रश्न हल करने थे, जिनमें जोड़, घटाव और गुणा जैसे सवाल शामिल थे.

दूसरे दिन आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में 400 से अधिक ट्रॉफियाँ विद्यार्थियों को प्रदान की गईं। पुरस्कार 42 विभिन्न श्रेणियों में वितरित किए गए. यूसीमास म.प्र. की स्टेट मॉडरेटर अमृता गोयल एवं लीना सचदेव ने बताया कि यूसीमास मध्य प्रदेश से कुल 291 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में सहभागिता की.

इन सभी विद्यार्थियों का चयन अप्रैल 2025 में आयोजित राज्य स्तरीय एबेकस एवं मेंटल अरिथमेटिक प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया था. स्टेज से बार-बार मध्यप्रदेश के विद्यार्थियों के नामों की घोषणा की जा रही थी. देश के 24 स्टेट से 3500 से अधिक विद्यार्थियों में से नेशनल लेवल प्रतियोगिता की 400 विनर ट्रॉफियों में से 159 ट्रॉफियाँ भी मध्यप्रदेश के विद्यार्थियों के खाते में आई.

### दो महीने की मेहनत का परिणाम

श्री गोयल ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा बीते दो महीनों की दिन-रात की मेहनत का यह परिणाम है कि हम अपना शीर्ष स्थान बनाए रखने में सफल हुए. यूसीमास म.प्र. की स्टेट मॉडरेटर अमृता गोयल एवं लीना सचदेव ने विद्यार्थियों को विशेष बधाई देते हुए कहा कि हमारी नियमित प्रैक्टिस सेशन्स विद्यार्थियों के प्रदर्शन में बड़ा योगदान देते हैं.